www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-203 सागवाड़ा, गुरुवार, 31 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## कॉलेज छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा

### सहयोगी को 10 साल की कड़ी कैद, पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने कॉलेज छात्रा का अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म के मामले में दो दोषियों को आज सजा सुनाई है। पोक्सो कोर्ट ने मुख्य दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा व एक लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वही सहयोगी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा व 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। दोवडा थाने में 3 जनवरी 2020 को मामला दर्ज हुआ था। विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की नाबालिग के पिता ने 3 जनवरी 2020 को दोवड़ा थाने में केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया की 21 दिसंबर 2019 को उसकी नाबालिग बेटी पुनाली कॉलेज में पढ़ाई करने गई थी।

कॉलेज से वापस आते समय रास्ते में एक बाइक पर 2 युवक उसे मिले। दोनों युवक उसे बहला फुसलाकर रमेश उर्फ रजनीश की पत्नी बनाने की गरज से भगा ले गए। पिता ने अपनी बेटी को गुजरात के प्रांतीज ले जाने का संदेह जताया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इसके बाद दोवड़ा पुलिस ने मामले की जांच करते हुए नाबालिग छात्रा को दस्तयाब किया। वही आरोपी रमेश उर्फ रजनीश को गिरफ्तार किया था। लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आज गुरुवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने मामले में आरोपी रमेश उर्फ रजनीश पुत्र कलूजी निवासी मुंगणा गेपुला ओर धुलजी उर्फ धुलेश्वर पुत्र लक्ष्मण निवासी टांटिया को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी माना है। कोर्ट ने रमेश उर्फ रजनीश को 20 साल के कठोर कारावास और 1 लाख 15 हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है। वही सहयोगी धूलजी उर्फ धुलेश्वर को 10 साल के कठोर कारावास और 65 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दुष्कर्म पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर दिलाने की अनुशंसा की है।

## पेट्रोलियम पदार्थो की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

### चूल्हे पर चाय बनाकर जताया विरोध



**डूंगरपुर।** जिले में कांग्रेस पार्टी की ओर से पेट्रोल, डीजल व रसोई गेस की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने रसोई गेस सिलेंडर और दुपहिया वाहनों को माला पहनकर सांकेतिक श्रद्धांजलि दी वही महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाकर अपना विरोध जताया। देश में पिछले सप्ताह भर से लगातार पेट्रोल,डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लगातार पेट्रोलियम पदार्थो की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के चलते डूंगरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और पेट्रोलियम पदार्थो की बढती कीमतों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने अनूठे ढंग से केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध भी जताया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने रसोई गेस सिलेंडर और दुपहिया वाहनों को माला पहनकर सांकेतिक श्रद्धांजलि दी वही महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डूंगरपुर विधायक एवं यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोगरा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित भी किया। अपने संबोधन में विधायक गणेश ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा। विधायक घोघरा ने कहा की जब तक देश के 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव थे तब तक शान्ति थी लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए वैसे ही पेट्रोलयम पदार्थो की कीमतों में आग लग गई है। घरेलू गैस सिलेंडर पर 50 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है तो वही प्रतिदिन पेट्रोल व डीजल के दामो में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल के दामो में बेतहाशा बढ़ोतरी से सभी वस्तुओ के दाम आसमान छु रहे है वही रसोई गेस सिलेंडर महंगा होने से गृहिणियो का बजट भी बिगड़ गया है। प्रदर्शन के माध्यम के कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दाम कम करने की मांग रखी है।

## कांग्रेस बड़ी पार्टी गुटबाजी जैसी कोई बात नहीं

### कांग्रेस सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सागवाड़ा पहुंचे प्रभारी सुशील पारिक



**सागवाड़ा।** जिले में कांग्रेस सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी व राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारिक सागवाडा पहुंचे जहां पर उन्होंने अभियान की प्रगति को लेकर कार्यकर्ताओ से चर्चा की। वही मीडिया से बातचीत के दौरान गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने कहा की कांग्रेस के कार्यकर्ताओ में मतभेद हो सकते है लेकिन मनभेद नहीं है। युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारिक डूंगरपुर जिले के प्रवास पर है। पारिक जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाक़ात करते हुए अभियान को गति देने में लगे है। इसी के तहत आज सुशील पारिक डूंगरपुर जिले की सागवाडा विधानसभा क्षेत्र के सागवाडा पहुंचे जहा पर उन्होंने कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया से मुलाक़ात की और जिले में चल रहे सदस्यता अभियान का फीडबेक लिया। इधर इस दौरान अभियान के जिला प्रभारी व राजस्थान युवा बोर्ड के उपाध्यक्ष सुशील पारिक मीडिया से भी रूबरू हुए।

जिसमे उन्होंने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की जिले में अभियान का कार्य अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा की राज्य की गहलोत सरकार ने जो विकास कार्य किये है । उसको लेकर जनजाति क्षेत्र में आमजन का कांग्रेस के प्रति जुड़ाव बढ़ा है। युवा और महिला भी पार्टी से जुड़ रही है । वही पारिख ने कहा कि ऑनलाइन के साथ - साथ ऑफलाइन भी सदस्यता अभियान चल रहा है। जिन लोगो के पास एंड्रॉयड मोबाइल नही है। वो ऑफलाइन फॉर्म भर भी सदस्यता ले सकते है । वही पत्रकारों ने जिले में कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर पारिक से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है, यहां गुटबाजी जैसी कोई बात नही है। किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते है लेकिन मनभेद नही है। पारीख ने कहां कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वागड़ विकास को लेकर करोड़ों रुपये की घोषणाएं की है। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया, दितीया कटारा, चंद्रकांत भट्ट, अतुल सारगिया, उप सरपंच धीरज मेहता, जिला परिषद सदस्य हरिश अहारी, मानव गुप्ता मौजूद रहे।

## आज से सरकारी हॉस्पिटल में हर व्यक्ति का इलाज मुफ्त

**जयपुर।** राजस्थान के निवासियों के लिए हेल्थ को लेकर बड़ी खबर है। सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी हॉस्पिटल में 1 अप्रैल से तमाम इलाज और जांचे फ्री करने का आदेश जारी किया है। इस आदेशों के तहत ओपीडी के रजिस्ट्रेशन के लिए लगने वाले 10 रुपए से लेकर 8 हजार रुपए तक शुल्क वाले एमआरआई, सीटी स्कैन, डायलासिस जैसी महंगी जांचों के लिए मरीजों को एक भी रुपए नहीं देना पड़ेगा।

प्रमुख शासन सचिव हेल्थ एज्युकेशन और शासन सचिव हेल्थ डिपार्टमेंट के संयुक्त आदेशों को देखें तो इसका फायदा राजस्थान के ही निवासियों को मिलेगा।

## डूंगरपुर में एमएमबी 300 परिवारों को किया राशन वितरण



**डूंगरपुर।** रमजान माह की आमद खुशी व चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर किबला मस्तान बाबा की याद में एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर के आफिस ऐ.के. मोटर गैराज पर सभी समुदाय के 300 जरूरतमंद परिवारों एक माह का नि:शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम राज्य मंत्री शंकर यादव, पूर्व राज्य मंत्री खान असरार अहमद , पुलिस उप अधीक्षक राकेश शर्मा, नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ, उप सभापति सुदर्शन जैन, जोयब पटेल और पीपी फाउंडेशन के संस्थापक प्रकाश पंचाल के सानिध्य मे वितरित किया गया। प्रारम्भ में ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने सभी अतिथियो का इस्तकबाल करते हुए बताया कि ग्रुप सन 200। से पीड़ित मानवता कि खिदमत कर रहा है अभी तक ग्रुप की और से 14800 परिवारों राशन कीट उपलब्ध कर चुका है ये सभी कार्य बीना किसी सरकारी मदद के भामाशाहों का सहयोग लेकर किया जाता है।

ग्रुप की ओर से आज के भामाशाह डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, जोयब पटेल, असलम मुल्तानी, मुस्तालि दादू, फक्की मामा, हाजी नूर आलम मकरानी, इमरान मकरानी (उदयपुर), रफीक खान, हाजी इस्माइल मकरानी (अफ्रीका), इरफान मकरानी (उदयपुर), जगदीश चौधरी, बालाजी, रिजवान खान (थानाधिकारी), खुशनूद भाई लालपुरा, अक्षय गड़िया, जयेश मकात, अनीस पठान, हाजी शरीफ चावड़ा, हुसैनी भाई (कुवैत), इंतखाब भंगारी, बाबूलाल प्रजापत, असलम शेर खान,रफीक भाई आर टी ओ का आभार जताया। कार्यक्रम में अब्दुल हाफिज मकरानी, बिलाल मकरानी,डॉ अजयसिंह, अशोक जैन, जयंतीलाल जैन, संदीप सेठिया, मनोज जैन, इमरान मुल्तानी, आसिफ मुल्तानी मौजूद थे संचालन जगदीश वैष्णव व आभार हाजी अख्तर हुसैन मलिक ने माना।

### पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया के पत्र के बाद जलदाय विभाग आया हरकत में

## शहर की 10 बस्तियों में हैंडपंप सुधारे, उंचाई वाले क्षेत्रों के लिए कलस्टर योजना

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता को नगर में बंद पड़े हैडपंप के को तत्काल मरम्मत करवाने पत्र लिखा था। जिस पर जलदाय विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आदिवासी बस्ती माखन खोता, कटारवाडा, कंसारो की माता, मरमुरी बस्ती, भागा डूंगरा, पालिया बस स्टेण्ड, इस्डस्ट्रीज ऐरिया, वडियो का डूॅगरा, आदर्श कॉलोनी सहित 10 मौहल्लों में हैडपंप हेण्ड पम्पो मे जल स्तर नीचे चले जाने से प्रत्येक हेण्ड पम्प मे 3-3 पाईप अतिरिक्त लगाकर भीषण गर्मी मे आम नागरिकों को राहत पहुंचाई गई। इसके साथ ही नगर में करीब 80 हैंडपंप की मरम्मत भी करवाई गई। गर्मी के दिनों में जहां जलदाय विभाग द्वारा पानी की सप्लाई ऊंचे भागों में नहीं जा पा रही है या पानी का दबाव कम रहता है वहां पालिका द्वारा सर्वे करवाया गया। आदिवासी बस्ती, यादव बस्ती, मुस्लिम बस्ती आदि में जहां पीने के पानी की सुविधा नही हैं वहां पर करीब 10 बस्तियों में 30 लाख रुपये खर्च कर कलस्टर योजना शुरू की जाएगी। जिसमे पानी की 500 लीटर भराव क्षमता की टंकी लगाई जाकर मौहल्लों में 24 घण्टे पानी की सुविधा उपलब्ध होगी।

## मुख्यमंत्री ने स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को श्रद्धांजलि अर्पित की



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को गुर्जर नेता स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को श्रद्धांजलि अर्पित की। गहलोत ऑफिसर्स कैम्पस स्थित स्व. बैंसला के आवास पहुंचे और उनकी पार्थिव देह पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री ने उनके शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नल बैंसला ने गुर्जर समाज के लिए जो संघर्ष किया उसे यह समाज कभी भूल नहीं सकता। गुर्जर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आज एमबीसी वर्ग में आरक्षण तथा देवनारायण योजना के रूप में जो लाभ मिल रहा है, यदि इसका एकमात्र श्रेय किसी व्यक्ति को जाता है तो वे कर्नल बैंसला हैं। वे गरीबों, किसानों और कौम के लिए हमेशा चिंतित रहा करते थे।

ऐसे शख्स का निधन बड़ी क्षति है। मेरे उनके साथ व्यक्तिगत संबंध थे। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना, पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कर्नल बैंसला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिला डॉक्टर खुदकुशी का विरोध, सरकारी हॉस्पिटल में 2 घंटे कार्य बहिष्कार, ज़ील अस्पताल की ओपीड़ी पूरे दिन बंद रही

### सागवाड़ा में राजकीय सेवारत चिकित्सा संघ और प्राइवेट डाक्टर असोसिएशन ने एसडीएम और खोडनिया को सौंपा ज्ञापन



**डूंगरपुर।**

दौसा जिले में महिला डॉक्टर खुदकुशी के विरोध में डूंगरपुर जिले में गुरुवार को सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में डॉक्टर भी उतर गए है। डूंगरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर्स ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार कर दिया। इधर डॉक्टर्स के कार्य बहिष्कार के चलते इलाज के लिए आये मरीज परेशान हो गए और भटकते रहे। वही प्राइवेट अस्पतालों में भी इमरजेंसी को छोड़कर चिकित्सा सेवाएं बंद कर दी है।

सागवाड़ा में गुरुवार को राजकीय सेवारत चिकित्सा संघ और प्राइवेट डाक्टर असोसिएशन ने मिलकर एसडीएम और कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग कर दोषियों के खिलाफ जांच की मांग की इधर, वागड़ क्षेत्र का सबसे बड़े ज़ील अस्पताल की ओपीड़ी भी पूरे दिन बंद रही। पूरे दिन स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। ज़ील अस्पताल के सीओओ डॉ. टीकेंद्र शर्मा ने डॉ. अर्चना शर्मा को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान डॉ. रविंद्र मेहता, ज़ील अस्पताल के सीओओ डा. टीकेंद्र शर्मा, एमएम पाटीदार अस्पताल के डॉ. हेमेंद्र पाटीदार, डॉ. विनय कुमार जैन, डॉ.गौरव पाठक, डॉ. विपीन शाह, डॉ. इस्माइल दामड़ी मौजूद रहे।